# रांची में ड्रग्स की बिक्री मामले में हाइकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा है कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करनेवाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं उन्हें चिन्हित किया जाये और उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है।

कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? शहर के कई शैक्षणिक संस्थान के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। दरअसल, कोर्ट के संज्ञान में यह बात आयी कि राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ड्रग्स जिसमें ब्राउन शुगर, गांजा आदि शामिल हैं, का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

## प्रशिक्षण में शामिल हुए बीएलओ, सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी

# सर्वाधिक लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ें और मतदान के लिए प्रेरित करें : नेहा अरोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची के जिला स्कूल स्थित सभागार में नगर निगम के सफाई मित्र, सफाई पर्यवेक्षक, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि आप सभी को चुनाव प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी कि जिम्मेवारी है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ें और मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि रांची जिला में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, आप सभी समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करें।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं का अहम रोल रहेगा, जिले की कुल आबादी का बड़ा हिस्सा शहरी मतदाताओं का है, पिछले कुछ वर्षों में शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस बार बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर के साथ नगर निगम के सफाई मित्र और पर्यवेक्षकों के साथ कार्य करने से हमारी पहुंच बढ़ेगी और सर्वाधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा सकेगा।

नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि आप सभी ने जिस तरह से सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, हमें उम्मीद है कि निर्वाचन कार्य में भी आप अपनी उपयोगिता साबित करेंगे।

अनमण्डल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार ने कहा कि सभी सफाई मित्र, सफाई पर्यवेक्षक, बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षकों के एकजुट प्रयास से हम अच्छे नंबरों से पास होने का प्रयास करें।

**बीएलओ ने बतायी अपनी पीड़ा, मिला अश्वासन :** एक बीएलओ ने कहा कि बिना किसी आईडी और बुनियादी सामग्री के बिना चुनाव कार्य पर भेज दिया जाता है, जहां उनके साथ अभर्द व्यवहार किया जाता है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी बीएलओ को आईकार्ड जल्दी ही जारी किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि अगर किसी के साथ भी अभद्र व्यवहार होता है तो वो अपने सुपरवाइजर को इसकी जानकारी दें। उसपर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# धनबाद सीट पर सरयू राय को किसी कीमत पर समर्थन नहीं देगी कांग्रेस : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लिए धनबाद लोकसभा सीट गले की हड्डी बन गयी है। धनबाद सीट से सबसे अधिक टिकट के दावेदार हैं। धनबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी चयन करना कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी जंग से कम नहीं है। धनबाद से ददई दुबे, मन्नान मल्लिक, अजय दुबे, विजय सिंह, कुमार गौरव सहित कई दावेदार हैं। उपर से सरयू राय ने धनबाद से प्रत्याशी बनने को लेकर इंडिया गठबंधन से समर्थन मांगकर कांग्रेस की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। सरयू राय को समर्थन देने की बात कहकर झामुमो ने कांग्रेस पार्टी पर बहुत हद तक दबाव बनाने का काम किया है। मालूम हो कि पिछले दिनों झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियों भट्टाचार्य ने सरयू राय के द्वारा समर्थन मांगे जाने पर यह कहकर कांग्रेस पर प्रेशर पॉलिटिक्स बनाने का काम किया कि धनबाद सीट गठबंधन के तहत कांग्रेस कोटे में है। कांग्रेस घनबाद सीट पर सरयू राय को चुनाव लड़ाती है तो झामूमो सरयू राय को अपना समर्थन देगा।

इधर सरयू राय द्वारा धनबाद लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से समर्थन मांगे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरयू राय को समर्थन देने की बात करना गलत होगा। धनबाद सीट को लेकर कांग्रेस पार्टी में उम्मीदवारों की कमी नहीं है। धनबाद सीट पर प्रत्याशी का चयन करना कांग्रेस के लिए जंग से कम नहीं है। इस स्थिति में सरयू राय को समर्थन देने का सवाल ही नहीं है।

# निकाली गयी मंगलवारी शोभा यात्रा



**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की दूसरी मंगलवारी शोभा यात्रा निकाली गयी। इसका नेतृत्व महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने किया। इस शोभा यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, मनोज बर्मन सुरेश प्रसाद, राकेश पाल, उमेश बर्मन, मुकेश ठाकुर, शंभू गुप्ता, अशोक ठाकुर, अंकित सिंह, मनोज नायक, दीपू वर्मा, विजय वर्मा, शमी गुप्ता, शुभम वर्मा बिट्टु, अनिल विजय, चंदन गुप्ता, रोहित ठाकुर आदि शामिल थे।

# सागरिका के उत्कल दिवस समारोह में दिखी उड़ीसा की शानदार झलक



खबर मंत्र संवाददाता

**रांची।** सागरिका की ओर से मेकॉन कम्युनिटी हॉल में मंगलवार को उत्कल दिवस समारोह मनाया गया। इसमें ओड़िया समुदाय के डेढ़ सौ से अधिक लोग शामिल हुए। उड़ीसा स्थापना दिवस को लेकर यह 89वां उड़ीसा स्थापना दिवस कार्यक्रम झारखंड में आयोजित किया गया था। मौके पर न्यायमूर्ति अनिल चौधरी, विभूति भूषण प्रधान, प्रकाश मिश्रा और सेल मेंकान समेत अन्य प्रतिष्ठित संगठनों की अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सागरिका के अध्यक्ष डॉ जयंत रथ ने श्रोताओं को वार्षिक उत्कल दिवस समारोह, इसके इतिहास और विरासत की जानकारी दी। सागरिका के सांस्कृतिक समूह ने ओड़िया गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु समूह के लिए गीत और कल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पूरस्कृत किए गए। मौके पर प्रसन्ना पाणिग्रही, संजय परीदा, डॉक्टर सुशांत रथ, बालकृष्ण बिश्नोई, असित मोहती, डॉक्टर बसंत साहू, प्रियव्रत साहू, कैलाश साहू, डॉक्टर रश्मि माला साहू, जयश्री पांडा, राजश्री रथ समेत अन्य उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर रांची जिला एवं महानगर कांग्रेस कमिटी ने केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को रांची में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं नगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा उपस्थित थे।



प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपना रही है तथा आयकर और ईडी को आगे कर कांग्रेस पार्टी को डराना चाहती है। परन्तु जो पार्टी अंग्रेजों से लोहा ले चुकी है, वो कभी ना तो डरी है और ना डरेगी। हम अपनी पूरी ताकत से भाजपा से मुकाबला कर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और जनता के सहयोग से चुनाव जीतेंगे। डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिसने भी केन्द्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया है उसे असंवैधानिक तरीके से दबाया गया है। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि भाजपा से लोकतंत्र को खतरा है। केन्द्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग के द्वारा कांग्रेस को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है परन्तु हमारी पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं और हमारे प्रत्याशी भारी मतों से विजयी होंगे।

कार्यक्रम में जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, जवाहर लाल महत्था, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, गजेन्द्र सिंह, मानस सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, जगदीश साहु, अजय नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, निरंजन पासवान, रियाज अहमद, विश्राम महतो, मिथलेश मुंडा, कुलदीप, विजय टोप्पो आदि थे।

## श्री महावीर मंडल की नयी कार्यकारिणी

**रांची।** श्री महावीर मंडल कडरू में छुन्नु सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुयी। छुन्नु सिंह को अध्यक्ष एवं संतोष कुमार सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष सतीश सिंह, उदय बर्मन, महासचिव सुनील सेठी, सन्नी कुमार, सचिव सुरेन्द्र सिंह, अतुल दुबे, राजीव रंजन सिंह, विक्की सोनी, सुरज सिंह, सुमित कुमार, अंकित राज, कोषाध्यक्ष अमित सिंह, सह-कोषाध्यक्ष आर्यन वर्मा सहित 21 कार्यकारिणी सदस्य में आलम खान, आनंद सिंह, असमुद्धीन अंसारी, सौरभ सिंह, अलीम अंसारी, कुणाल सिंह, एसरार खाँ, विशाल सिंह, हफीजुल हसन, शुभम, आदर्श बर्मन, सुजाउद्दीन अंसारी, अमर टोप्पो, आशीष सिंह, सूर्य सिंह, महादेव लोहरा, सहाबीर लोहरा, चम्पा मुंडा, हरीनाथ लोहरा, राम लोहरा, कलाम अंसारी शामिल है।

# राज्य को चाहिए कुशल नेतृत्व : सुदेश

**डीएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू में शामिल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के पूर्व केंद्रीय सदस्य और दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हो गए। केंद्रीय कार्यालय में सुदेश कुमार महतो की मौजूदगी में उन्होंने आजसू पार्टी का दामन थामा।

इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विकास के नए आयाम स्थापित करने की क्षमता और सपना रखने वाला राज्य आज दिशाहीन नेतृत्व के चलते विकास की पटरी से उतर गया है। राज्य को पटरी पर लाने के लिए कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। पार्टी में शामिल हुए रविन्द्र कुमार सिंह का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि रविन्द्र जी के राजनीतिक और सामाजिक अनुभवों का लाभ पार्टी को मिलेगा। आजसू इन्हें जनता की सेवा करने के लिए एक सशक्त मंच देगी।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सुदेश कुमार महतो के विचारों, संकल्पों और कार्यशैली से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूँ। आजसू ने राज्य के विकास के प्रति सोच और संकल्प दिखाया है।

## आजसू ने 31 मई तक प्रखंड, पंचायत और ग्राम प्रभारी बनाने का लिया निर्णय



**रांची।** युवा आजसू के राज्य संयोजकों की बैठक हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। इस बैठक में आगामी 31 मई तक राज्य के सभी प्रखंड, पंचायत और ग्राम प्रभारियों का चयन करना सुनिश्चित किया गया। 'युवा आजसू' का लक्ष्य राज्य के हर गांव में संगठन का विस्तार करना है। युवा आजसू 'वन विलेज टेन यूथ' के तहत कार्य करेगा। इसके तहत हर गांव से कम से कम पांच पुरूष और पांच महिला युवा साथी को संगठन से जोड़ा जायेगा। बैठक में प्रत्येक 15 दिन में प्रदेश संयोजक द्वारा प्रखंड, पंचायत और ग्राम स्तर का निरीक्षण, कार्य योजना की प्रगति का मूल्यांकन और समस्याओं का समाधान करने का निर्णय लिया गया।

# 2023-24 में सीएमपीडीआइ की उपलब्धि 8 बिलियन टन कोयला संसाधनों में वृद्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआइ ने 18 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट के माध्यम से विस्तृत गवेषण द्वारा मेजर्ड श्रेणी में लगभग 12 बिलियन टन और 13 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट के जरिए प्रमोशनल एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम/एनएमईटी फंडिंग के माध्यम से इंडीकेटेड एवं इंफर्ड श्रेणी में लगभग 8 बिलियन टन कोयला संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके अलावा, 2023-24 में उसने सीएमपीडीआई बाक्साइट रीजनल गवेषण के लिए 2 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें संभावित रूप से लगभग 1.66 मिलियन टन एल्युमीनियम लेटराइट और लगभग 21 मिलियन टन बाक्साइट को इन्वेंट्री में जोड़ा गया है।

सीएमपीडीआई ने एमओयू लक्ष्य 7 लाख 50 हजार मीटर की तुलना में लगभग 8 लाख 63 हजार मीटर ड्रिलिंग की है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभागीय संसाधनों के माध्यम से 190 लाइन किलोमीटर के एमओयू लक्ष्य के मुकाबले 205 लाइन किलो मीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे किया गया है। एनएमईटी ने सीएमपीडीआई द्वारा प्रस्तावित लगभग ₹80 करोड़ लागत वाली 27 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है जिसमें कोयले की 23 परियोजनाएं, बाक्साइट के लिए 3 परियोजनाएं और बेस मेटल के लिए 1 परियोजना शामिल है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये रांची विवि के अतिथि शिक्षक

# कुलसचिव, उप कुलसचिव और वित्त पदाधिकारी को घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विवि के अतिथि शिक्षकों ने सोमवार को विवि के कुलसचिव, उप कुलसचिव और वित्त पदाधिकारी का घेराव किया। सभी अतिथि शिक्षक पिछले 9 माह से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित थे। सोमवार को अतिथि शिक्षक कुलपति से मिलने आये थे, लेकिन कुलपति से मुलाकात नहीं हो पाने पर इन्होंने विवि के कुलसचिव, उप कुलसचिव को अपनी समस्याएं बतायी। अधिकारियों की तरफ से कोई जवाब न मिलने पर अतिथि शिक्षक उन्हें घेर कर बैठ गए। अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि बीते जनवरी में एचआरडी ने रांची विवि को दिशा निर्देश भी दिया था कि अतिथि शिक्षकों को भी आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक माना जाये और इस अनुरूप सभी लाभ प्रदान किए जायें। इसके बाद भी रांची विवि प्रशासन ने एक अधिसूचना जारी की, जिसमें 57700 मासिक मानदेय देने का निर्देश है परंतु इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि हम अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक माना जाएगा।




उन्होंने कहा कि वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी सीट पर नए सिरे से आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नियुक्त करने की योजना बना रहा है। इस प्रकार अभी भी हमारा भविष्य अधर में ही अटका हुआ है। संघ के उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि हम विवि प्रशासन से अनुरोध कर रहे हैं कि इस विषय में त्वरित कारवाई करते हुए रांची विवि सभी अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक का नाम करते हुए सभी लाभ दे। परंतु अभी तक इस दिशा में विवि प्रशासन की तरफ से कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। अतिथि शिक्षक संघ ने तय किया है कि जबतक उन्हें उनका बकाया मानदेय नहीं मिलता, और जबतक उनको आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नहीं माना जाता, तबतक रांची विवि के सभी अतिथि शिक्षक हड़ताल पर रहेंगे।

## खबर एक नजर में

### ब्राउन शूगर के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची।** पुंदाग पुलिस ने 166 पुड़िया ब्राउन शूगर के साथ आरोपी परवेज अंसारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने पांच हजार रूपया भी बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि काले रंग की स्पेलंडर पर ब्राउन शूगर बेचने का धंधा कर रहा है। पुलिस की टीम ने युवक को पकड़ा तो उसके पास से 83 हजार मूल्य का ब्राउन शूगर पॉकेट से बरामद किया गया।

### अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**रांची।** साइबर थाना पुलिस ने डिफेंस का अधिकारी बन सर्टिफिकेट भरने के नाम पर 4.98 लाख रुपये की ठगी करनेवाले आरोपी को सीआइडी की साइबर अपराध थाना पुलिस ने देवघर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र स्थित बक बड़ाई टोला निवासी अभिषेक कुमार है। आरोपी के पास से चार मोबाइल और पांच सिम बरामद किया है।

### 7 अप्रैल तक भरे जायेंगे पॉलिटेक्निक फॉर्म

**रांची।** राज्य के बाहर छत्तीसगढ़ के पॉलिटेक्निक कॉलेज में दाखिले के लिए है प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा (पीपीटी) 2024 का आयोजन किया गया है। प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 7 अप्रैल तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पंजीयन एवं अन्य प्रवेश संबंधित परेशानी होने पर शासकीय पॉलिटेक्निक जयपुर के मोबाइल नंबर 6 200203814 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डीएवी हेहल के शिक्षक को दी गयी विदाई

**रांची।** डीएवी हेहल के वरिष्ठ शिक्षक उमेश मिश्रा के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को स्कूल में विदाई समारोह हुआ। प्राचार्य एसके मिश्रा ने स्मृति चिह्न और शॉल भेंट की। प्राचार्य ने उमेश मिश्रा से एक संसाधक के रूप में विद्यालय से जुड़े रहने का आग्रह भी किया। मौके पर एके अमरेश, एनके दुबे, पीएस दास, डीपी चांद, सुनील सिंह, आरयू सिंह, सोवनदेव चक्रवर्ती आदि थे।

### मैथिली मंच की आम सभा 12 मई को

**रांची।** हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान में मंगलवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें 12 मई को नई कार्यकारिणी गठन के लिए आम सभा बुलाने का निर्णय हुआ। सभी सम्मानित सदस्यों ने कोषाध्यक्ष की ओर से पटल पर रखे गए पिछले दो वर्ष के आय और व्यय को स्वीकृति दी।

### डीएसपीएमयू में साक्षात्कार स्थगित

**रांची।** डीएसपीएमयू में अगली सूचना जारी होने तक सभी साक्षात्कार स्घति कर दिये गये हैं। यह जानकारी विवि की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि ईएलएल और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में अध्यापन से संबंधित आवेदकों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

### जामा मस्जिद केदल में दावत-ए-इफ्तार

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया केदल की ओर से मंगलवार को जामा मस्जिद केदल में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। मस्जिद के इमाम मौलाना आफताब काशमी ने पूरी दुनिया व मुल्क में रहने वाले इंसानों के लिए आपसी प्रेम भाईचारगी, मोहब्बत, शांति, अमन और खुशहाली की दुआ मांगी। मौके पर बबलू मास्टर फिरोज, समीम, कमाल खान, बहरुद्दीन, जुमउद्दीन, सदर रुस्तम, रियाजुल, अब्दुल गफूर, मुख्तार, नफीस, अब्दूल रकीब, हाफिज जियाउल आदि मौजूद थे।

### पहान-पुजार से ही सरहुल पूजा कराएं : मेघा

**रांची।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति की बैठक मंगलवार को हुई। 10 अप्रैल को उपवास, शाम में जल रखाई और उसी दिन मछली-केकड़ा पकड़ने की विधि पर चर्चा की गई। 11 दोपहर दो बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 12 को घर-घर फूलखोंशी कार्यक्रम होगा। समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा, पहान-पुजार के नेतृत्व में ही पूजा करायें। मौके पर जयमंत्री उरांव, लोरया उरांव, लुथरू उरांव, पहान कंचन होरो, रामप्रकाश टोप्पो, सुनील मिंज, राजू उरांव, नीलम तिर्की, अनिता मुंडा, सुशीला उरांव आदि मौजूद थे।

### आजसू की आरएलएसवाई कॉलेज कमिटी गठित

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रामलखन सिंह यादव कॉलेज की कमिटी का गठन कर दिया गया है। नयी कमेटी में अमर गुप्ता को अध्यक्ष, प्रवेश ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष, नितेश कुमार, संदीप बढ़ाइक, श्याम सुंदर महतो, पूजा कुमारी और मनीष कुमार को वरीय उपाध्यक्ष, खुशी कुमारी, रतन कुमार, एंजेल मोनी, संदीप उरांव, रोशन कुजूर को उपाध्यक्ष, पुष्पा कुमारी को महासचिव, अमित ठाकुर, नेहा सिन्हा, सौरभ गुप्ता और पिंटू चौधरी को सह सचिव, पूजा कुमारी को कोषाध्यक्ष, शबाना परवीन और रिचा कुमारी को सह कोषाध्यक्ष तथा सन्नी कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।
आजसू की रामलखन सिंह यादव कॉलेज कमेटी का गठन

### मंगलवारी के उपलक्ष्य में हनुमान की पूजा की

**रांची।** श्री रामनवमी मोहत्सव की द्वितीय मंगलवारी के उपलक्ष्य में मंगलवार को हनुमान जी का विशेष पूजन किया गया। यह आयोजन श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के प्रांगण में विधि विधान के साथ किया गया। पूजा अर्चना की शुरूआत राजीव रंजन मिश्रा एवं श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर रमेश केडिया, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, इंदर सिंह, राजीव सिंह, संजय मिश्रा, हरिहर मिश्रा, अविनाश आनंद, मनीष सिन्हा शामिल थे।

### उपायुक्त ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का किया गठन

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च से आदर्श आचार संहित लागू है। चुनाव में पारदर्शिता और आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन को लेकर रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का गठन किया है। आचार सहिंता के प्रभावी होने के बाद जारी हेल्पलाइन नंबर 1800-345-3333 को कॉल सेंटर से कनेक्ट कर दिया गया है। रांची डीसी ने कहा कि आम नागरिक चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी व शिकायत 1800-345-3333 पर दे सकते हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दें जोर : एसडीओ

**रांची।** सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी रांची सह संकुल संसाधन केंद्र रा.म.वि. न्यू पुलिस लाइन रांची में बूथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया। एसडीओ ने सभी मतदाताओं को स्वयं मतदान करने और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया।

### बीआइटी में कल से अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा रांची के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन, थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. एलएस बरार, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ अरकादेब मुखोपाध्याय एवं डॉ सौरव चक्रवर्ती ने बताया कि यह एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन है। यह सम्मलेन विद्यार्थियों, उद्योग (अनुसंधान सहित) और विभिन्न संगठनों के वैज्ञानिकों के लिए लाभदायक होगा।

### हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**रांची।** श्याम मंदिर में 92वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन मंगलवार को किया गया। सुनील मोदी आशा मोदी के परिवार ने हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भोग लगाया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न करवाया। मनीष सारस्वत ओम शर्मा व अन्य ने श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा प्रसाद श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद प्रत्यूष अग्रवाल ने फल प्रसाद एवं मुकेश मित्तल ने गिरी गोला की सेवा निवेदित की।

स्पीड न्यूज

### एलआईसी एजेंट के निधन पर शोक



**बेड़ो।** बेड़ो के नाई समाज के संरक्षक सह एलआईसी एजेंट 53 वर्षीय ललित ठाकुर की सोमवार के देर रात अचानक तबियत बिगड़ने निधन हो गया। उनके बड़े भाई कामेश्वर ठाकुर ने यह दु:खद जानकारी देते हुए बताया है की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने लगी। जिन्हें तत्काल कुमार मंगलम आयुष्मान हॉस्पिटल लाल गुटुवा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी अनिता देवी एवं दो पुत्रों क्रमश: विवेक कुमार एवं विपुल कुमार सहित पूरा भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए। जीवन बीमा कम्पनी में एजेंट मृदुभाषी रहे ललित ठाकुर के निधन की सूचना सुन लोग हतप्रद रह गए कि जिनके साथ कल मिले थे आज वो हमारे बीच नहीं रहा। इनका अंतिम संस्कार बेड़ो स्थित मुक्तिधाम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दिया। जहां इनके निधन पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज लकड़ा, विश्वनाथ गोप, अनमोल विनय तिर्की, मुकेश सहगल, सौमित्र शर्मा, जगदीश सिंह, रवि गुप्ता, सुरेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, सुकुल महतो, केदार मेहता, केश्वर मेहता, दीनु बड़ाईक समेत सैकड़ो लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### स्व पंचानन साहू के स्मृति पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**राहे।** श्रीराम जानकी मंदिर कुबाडीह–मांझीडीह के परिसर में स्व पंचानन साहू के स्मृति पर डॉ तपन मंडल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डॉ तपन मंडल द्वारा 156 लोगों का जांच कर आवश्यकता अनुसार दवा दिया गया। शिविर में मंदिर संचालक सहित पुजारी रवि ठाकुर के महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मौके पर दिलीप साहू लालू गोंझू, तपन यादव, योगेन्द्र महतो, गोपाल महतो, नव किशोर मुंडा, करूण कुमार, जगजीवन, शैलेन्द्र, दिनेश, मुकेश आदि मौजूद थे।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**नामकुम।** सिल्ली के नवाडीह के रहनेवाले अविनाश महली ने अपनी हीरो बाईक संख्या जेएच01डीयू 6131 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में अविनास ने बताया है कि वह नामकुम बाजार सब्जी खरीदने गया था। उसने अपनी बाइक बाजार के नर्सरी के सामने लगायी और सब्जी खरीद कर वापस आने पर उसकी बाइक गायब मिली। नामकुम पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।स

# इंसान को प्रकृति से जोड़ता है सरहुल

### बेड़ो के नेहालु कपरिया गांव में निकाला गया सरहुल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** प्रकृति पर्व सरहुल पर प्रखंड के नेहालु कपरिया गांव में मंगलवार की शाम सरहुल जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। पूजा में गांव के लोगों द्वारा पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में शामिल हुए और मांदर की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य कर खूब झूमे। मौके पर मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि प्रकृति का पर्व सरहुल प्राकृति पूजा का महापर्व है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्राकृति, भाषा संस्कृतिक, रीति-रिवाज को बचाए रखना जरुरी है। इन सबों के अभाव में जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती है। इस दौरान कई बुद्धिजीवी ने भी अपने विचार रखे। ज्ञात हो कि नेहालु में 15 वर्षो से सरहुल जुलूस का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अरविंद भगत, राजेन्द्र उरांव, दीपक उरांव, मनीष उरांव, मंगल उरांव, संदीप भगत, श्रवण उरांव, दशरथ महली, बिजला महली, भौरा उरांव, जगन्नाथ मांझी, जितिया उरांव, विजय उरांव, प्रमोद उरांव सहित ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।



### पेंडेंगचावली गांव में मना महापर्व सरहुल

सोनाहातू। प्रखंड के पेंडेंगचावली गांव में प्रकृति का महापर्व सरहूल धूमधाम से मनाया गया। सरहुल महोत्सव में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। योगेन्द्र पाहान के द्वारा आदिवासी का रीति रिवाज के साथ सरना स्थल पर पुजा अर्चना किया गया। पूजन के बाद परंपरागत आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर तेतला पंचायत के समिति प्रतिनिधि जगदीश कुमार महतो, ग्राम प्रधान जगतपाल बडाईक वार्ड सदस्य रंजीत सिंह मुंडा, दलेल चन्द्र महतो, राजीव बडाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सरहुल में तीन दिन अवकाश की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति सदमा ओरमांझी द्वारा राज्य सरकार से सरहुल में तीन दिन की अवकाश की मांग की गई है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने बताया सरहुल प्राकृतिक पूजा व झारखंड आदिवासी समाज के आस्था का महापर्व है। यह पर्व लोगों के प्राकृतिक से जोड़ती है। प्रकृति संरक्षण का संदेश देती इस पर्व को मानने के लिए राज्य वासियों को तीन दिन की अवकास जरूरी है।

इस संबंध में बताया कि पहला दिन मछली केंकड़ा का (हाईकड़ाकॉम) पूजा व सामुहिक उपवास रखी जाती है। दूसरा दिन सखुआ फूल (बाहा) को शुद्धता व पूजा अर्चना की जाति है। इसी दिन अपराहन में पारंपरिक भेष-भूषा के साथ सामूहिक रूप से नृत्य एव जुलूस निकलती है। वहीं तीसरे दिन पाहन, कोटवार, पैनभोरा के अगुवाई में पूरे मौजा में सामूहिक नृत्य के साथ घर-घर फूलखोंसी की जाती है। झारखंड के आदिवासी समाज के साथ झारखंड सरकार के अधीनस्थ कर्मचारी भी इस महापर्व को मानते हैं। वर्तमान में सरहुल महापर्व पर झारखंड सरकार के द्वारा एक दिवसीय अवकाश देय है। जिसके कारण कर्मचारी वर्ग सिर्फ एक ही दिन सरहुल पर्व मना पाते हैं। तीन दिन अवकास मिलने से आदिवासी समाज के साथ कर्मचारी गण भी उत्साहपूर्ण प्रकृति महापर्व मना सकेंगे।

### टंडवा सीडीपीओ ने ग्रामीणों से की वार्ता, 5 दिन की मांगी मोहलत

### फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग 24 घंटे रहा बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** एनटीपीसी प्रबंधन टंडवा द्वारा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग कार्य 24 घंटे रहा बाधित। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने मुखिया एवं ग्रामीणों से वार्ता कर जाम हटवाया। मंगलवार की शाम को टंडवा एसडीपीओ कार्यालय में प्रभात रंजन बरवार की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्टिंग कंपनी एवं ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। वार्ता के दौरान ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों ने फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट को सुरक्षित तरीके से ट्रांसपोर्टिंग करने तथा रोड में एक भी फ्लाई ऐश कि राख नहीं गिराने का आश्वासन दिया। इस बीच कारो गांव के ग्रामीण इस रोड से फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग ना हो इस मांग पर अड़े रहे। इसके बाद टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने इस समस्या के निदान के लिए ग्रामीणों से 5 दिन की मोहलत मांगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने टंडवा एसडीपीओ की बात मान कर 5 दिन की मोहलत दी और जाम को हटा दिया। इस बीच ग्रामीण फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों को यह चेतावनी दी की 5 दिन के भीतर कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है तो फिर से ग्रामीण फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बाधित करेगी। इस मौके पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बर्बाद की पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, बहेरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, अनूप उरांव, मुनेश मुंडा सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### साढ़े पांच करोड़ से बन रहे भवन से संवर जाएगा ब्लॉक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ सीओ व अन्य कर्मचारियों के लिए साढ़े पांच करोड़ की लागत से भवनों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल बोकारो से बन रहे सभी क्वार्टरो की जानकारी विभाग के कार्यपालक अभियंता राजु मरांडी व सहायक अभियंता ब्रजकिशोर महतो व कनीय अभियंता सुंदर दास ने भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए तय सीमा के अंदर काम को पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान कार्य एजेंसी अमन इन्टरप्राइजेज के संवेदक से काम में गुणवत्ता का ख्याल रखने की भी बात कही। भवन निर्माण में तेज गति से काम व संवेदक द्वारा काम प्राक्कलन के अनुसार काम करने पर उन्हें इसी तरह काम करने की बात कही। कंपनी के इंजीनियर सज्जाद भट्टी ने बताया कि भवन निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरती जा रही है। प्राक्कलन के अनुसार चिमनी भट्ठे की ईंटें से लेकर उच्च क्वालिटी की सीमेंट व छड़ का उपयोग भवन निर्माण में किया जा रहा है। इस दौरान कंपनी के जानी आलम अरशद अहमद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बगैर रिफ्लेक्टिव टेप के दौड़ते वाहनों से तीन लाख का जुर्माना वसूला

**बोकारो।** जिला के पिण्ड्राजोरा चेकपोस्ट माराफारी स्टील गेट बालीडीह टोल प्लाजा एवं धनबाद बोकारो मार्ग के पुपुनकी टोल प्लाजा सहित अन्य जगहों पर डीटीओ वंदना शेजवलकर के नेतृत्व में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 20 बड़ी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण एवं 13 ओवरलोड वाहनों से लगभग तीन लाख रुपये का जुमार्ना लिया गया। परिवहन विभाग के कर्मियों द्वारा हाइवा ट्रक मिनी हाइवा सहित अन्य वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान परमिट बीमा फिटनेस प्रदूषण आदि की जांच के साथ बाइक चालकों को परिचालन के दौरान हेलमेट की भी जांच की गई। उन्होंने आगे बताया कि बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों के परिचालन के समय सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है। सड़क मार्ग पर सुरक्षित परिचालन कराने के लिए परिवहन विभाग के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है जिसमें ओवरलोड ओवर हाइट पॉल्यूशन पेपर अपूर्ण इंश्योरेंस रजिस्ट्रेशन के साथ चालान आदि नहीं होने के कारण परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है।

### गीतकार की पुण्यतिथि पर संगीत संध्या

**बोकारो।** बोकारो के जैनामोड़ स्थित होटल आर्यन इंटरनेशनल में स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में फिल्म जगत के गीतकार आनंद बक्षी की पुण्यतिथि पर आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम का संचालन रमेश मिश्रा ने किया। इस संगीत संध्या में हाल ही में दिवंगत हुए मशहूर गजल गायक पंकज उधास व रेडियो अनाउंसर अमीन सयानी को भी श्रद्धांजलि दी गई। गायक अरुण पाठक ने कहा कि हिन्दी फिल्मों को एक से बढ़कर गीत देनेवाले गीतकार आनंद बख्शी ने 3500 गीत लिखे। अभिनेता व गायक डॉ सी के ठाकुर ने कहा कि फिल्म संगीत को जन जन तक पहुंचाने में गीतकार आनंद बख्शी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। गायक रमण चौधरी ने कहा कि पंकज उधास जी ने गजल गायकी को आम संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रियता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। संगीत कार्यक्रमों के उदघोषक रमेश मिश्रा ने कहा कि मशहूर रेडियो उदघोषक अमीन सयानी शुरू से उनके लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। रेडियो अनाउंसर के रूप में उन्होंने जो ख्याति अर्जित की वह सदैव स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा।

### महिला टूरिस्ट से सामूहिक दुष्कर्म मामले में सरकार से गंभीर अपराधों का मांगा ब्यौरा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में महिला टूरिस्ट से सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट के स्वत: संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों के लिए बनाए जाने वाले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का ड्राफ्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार से पिछले एक माह के भीतर राज्य में महिला हिंसा, भू –माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा, रंगदारी आदि गंभीर अपराधों के संबंध में जानकारी मांगी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल निर्धारित की है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों के लिए बनाए जाने वाली एसओपी की ड्राफ्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया।

# स्कूटी सवार महिला को मारी गोली, घायल

### ● मांडर के बूढ़ाखुखरा पुल के निकट कनपटी में सटाकर मारी गोली

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना अन्तर्गत टांगरबसली मुख्य पथ पर स्थित बूढ़ाखुखरा पुल के सपीप मंगलवार शाम पांच बजे अज्ञात अपराधी ने स्कूटी सवार महिला को गोली मारकर हत्या का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के रानीचांचों नवा टोली निवासी गीता भगत स्कूटी से अपने ससुराल से बेड़ो अपने मायके जा रही थी इसी दौरान एक अज्ञात अपराधी ने उसके कनपटी में सटाकर उसे गोली मार दी। काफी नजदीक से गोली मारे जाने के कारण गोली कनपटी के आर पार हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ी। सड़क पर उसे गिरा पड़ा देख एक राहगीर ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में गंभीरावस्था में उसका इलाज चल रहा है। गीता के पति विजय भगत बीएसएफ में कार्यरत हैं उसकी दो छोटी-छोटी बेटियां भी है। पुलिस के अनुसार जान लेवा हमला का कारण का पता नही चल पाया है। जल्द ही इसकी खुलासा कर लिया जाएगा।

### नामकुम : चाकू मार कर छीन ली मोबाइल

नामकुम। चतरा मयुरहंड के रहनेवाले टिन्कु कुमार ने खरसीदाग ओपी में दो अज्ञात स्कुटी सवार पर उनके पिता भोला दांगी को चाकु मारकर मोबाईल फोन छीनकर भागने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में टिन्कु ने बताया है कि वह श्रीराम रोडवेज बर्जर पेंट खरसीदाग में अपनी बोलेरो पिकअप चलाता है। एक अप्रैल सोमवार को सुबह लगभग ग्यारह बजे वह अपनी पिकअप में अपने पिता के साथ बैठा था,उसी दौरान दो स्कूटी सवार युवक उनके पास आए और उसके पिता से मोबाईल मांगने लगे, मना करने पर दोनो ने उन्हे चाकू मार दिया और मोबाइल छीनकर भाग गए। मामले में ओपी पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चिल्ड्रेंस एकेडमी कोचिंग सेंटर के पांच बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**बरहेट।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम का प्रकाशित विगत कल रविवार को हुआ। जिसमे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिल्ड्रेंस एकेडमी कोचिंग सेंटर के प्राचार्य सह ट्यूटर दुलाल चंद्र पंडित के द्वारा तैयार किया गया पांच छात्र/छात्राओं ने बाजी मारी है। जिससे ऊतीर्ण होने वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावक के अलावा विद्यालय के शिक्षक सहित कोचिंग सेंटर में पढ़ाने वाले शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### शादी में काम करने की बात कहकर कार मांगा और बेच दिया, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** जमशेदपुर के रहनेवाले शशिभूसन भारती ने चाय बगान विनंदनी अर्पाटमेंट के रहनेवाले शत्रुध्न कुमार पासवान पर उनकी ब्रेजा कार संख्या जेएच05सीएच 1954 को रख लेने और वापस नहीं करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में शशिभूषन ने बताया है कि शत्रुध्न ने अपनी बहन की शादी में गाड़ी का काम होने की बात कहकर उनसे गाडी मांगी थी। जिसे परीचित के नाते उन्होंने मदद करने के उद्देश्य से दे दिया, पर पिछले नौ महीनों से गाड़ी लेने के बाद उनके द्वारा बार बार मांगने पर भी शत्रुध्न द्वारा गाड़ी वापस नहीं किया जा रही है। इधर षषिभूसन को पता चला है कि शत्रुध्न ने उनकी गाडी छत्तीसगढ़ के रहनेवाले किसी परमेश्वर दास को बेच दी है।

थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने शशिभूषन भारती के दिए आवेदन पर मामला दर्ज कर छनबीन शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले को सुलझा लिया जाएगा।

### सेवानिवृत्ति पर प्रयोगशाला सहायक को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** आरईओ विभाग के प्रयोगशाला सहायक सुरेंद्र कुमार को उनकी सेवानिवृति पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के महासचिव साहब राम भोक्ता द्वारा उनकी उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उप महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यपालक अभियंता से सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाली सभी तरह के पावना यथाशीघ्र भुगतान करने की मांग की है। सुरेंद्र कुमार से कर्मचारियों ने उनसे अपना बहुमूल्य समय निकालकर झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ को मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया। आदिल जाहिर ने संचालन किया।



### भाजपा ने कभी नहीं किया मां सीता का सम्मान: इरफान

**दुमका।** सीता सोरेन के भाजपा में जाने से इंडिया गठबंधन को कितना नुकसान के सवाल पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व कहलाता है। चुनाव के समय नेताओं का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि इससे नेताओं के चरित्र का पता चलता है कि वे अपनी पार्टी के प्रति कितना वफादार हैं। विधायक ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि भाजपा वालों ने कभी मां सीता का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महार्प में लोगों को सोंचना होगा। सही पार्टी और उम्मीदवार को अपना मत देने का अपील करते हुए कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य की बात भाजपा नहीं कहती है।

# लोकसभा चुनाव : संविधान और देश को बचाने के लिए भाजपा को पराजित करना जरूरी : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेताओं और कार्यकताओं ने आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया और कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि हमें देश और संविधान को बचाने के लिए हर हाल में मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि आज के सम्मेलन में उमड़ी कार्यकताओं की भीड़ और उनके उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि खूंटी संसदीय सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा की भारी मतों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कें नस-नस में आाविवासियों को अपमानित करने की फितरत है। उन्होंने कि जब पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल क1ष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के लिए उनके अवास पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची, वहां आदिवासी महिला राष्ट्रपति खड़ी रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुर्सी में बैठे रहे।

बंधु तिर्की ने कहा कि इस घटना से देश के पूरे आदिवासी समाज को अपमानित किया गया है। तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा के लिए जुमलेबाज, नौटंकीबाज और जादूगर प्रधानमंत्री को सत्ता से बेदखल करना होगा। उन्होंने कहा कि यह हम लोगों के लिए अंतिम लड़ाई है, अन्यथा संविधान कों बदल दिया जायेगा और आरक्षण को पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा।

### चुनाव के दौरान कार्यकर्ता रहें मुस्तैद

प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछली गलतियों से सबक लेते हुए हर कार्यकर्ता को चुनाव के दौरान मुस्तैद होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी इंडी गठबंधन के सामने लोकसभा चुनाव जीतने का सुनहरा मौका है। कार्यक्रम में सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, खरसावां विधायक दशरथ गगराई, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, खरसवा जिला अध्यक्ष अंबुज पांडेय, लाल अजय नाथ शाहदेव आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

# युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत थे युवराज : निर्मला भगत

### गोपाल शरण नाथ शाहदेव की मनी 55वीं जयंती

### ●चाहने वालों ने श्रद्धा से किया याद चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भागों में दिवंगत कांग्रेस विधायक युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव 55वीं जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किये गये। काठीटांड़ स्थित युवराज चौक में चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित समारोह का उद्घाटन जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने केक काटकर किया। उन्होंने स्व शाहदेव की जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें छोटानागपुर राज की शान तथा युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बताया। अध्यक्षता अशोक तिर्की, संचालन अतुल राज और धन्यवाद ज्ञापन पृथ्वीनाथ शाहदेव ने किया। इधर फन कैशल पार्क में भी युवराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।



### युवराज का संक्षिप्त परिचय

युवराज का संक्षिप्त परिचय

गोपाल शरण नाथ शाहदेव मृदु भाषी, हंसमुख व मिलनसार स्वभाव के धनी थे। क्रिकेट से उनका गहरा लगाव था। 2 अप्रैल 1969 को जन्मे युवराज का 28 जून 2010 को यूपी के बनारस स्थित बीएचयू अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। 2005 में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ विजयी हुये। 2010 में दूसरी बार विधायक बने। वह महाराजा चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव की एकलौती संतान थे।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

नितेश नाथ शाहदेव, रामेश्वर दयाल सिंह, अरविंद पांडेय, इम्तियाज अली, दामोदर मिश्र, देविया उरांव, सीताराम साहू, शमीम मंसुरी, चिंटू मिश्र, शिवपूजन साहू, जयगोविंद मुंडा, अमित तिवारी, संजय गुप्ता, हीरामणि साहू, जितेश्वर मुंडा, पंकज दयाल, मिथलेश दुबे, विपिनेश्वर दयाल सिंह, विशाल साहू, हीरालाल मंडल, संतोष कुमार, महावीर विश्वकर्मा, सुबोध साहू, कृष्णा रज्जक, प्रदीप कुमार सिंह, संतोष साहू, राजेंद्र साहू, विजय सिंह, हुसे उरांव, सुधीर सिंह, बाबू साहू, संजय साहू, राजकुमार वर्मन, कृष्णा गोप, सुनिल कुमार सिंह, प्रदीप प्रकाश साहू व निर्मल साहू।

### मास्टर ट्रेनरों को मिला चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को लेकर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मंगलवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों की निपुणता की परख ली गई। साथ ही मतदानकर्मियों द्वारा मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान समाप्ति के बाद समस्त कार्य निष्पादन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन संबंधित कार्य पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की भूमिका अहम होती है। सभी अपने प्रषिक्षण कार्य में पारंगत होकर अन्य मतदान कर्मियों को कार्य निष्पादन में निपुण बनाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यों को सफलता के साथ निष्पादित करने के लिए सभी पोलिंग पार्टी को पूर्ण प्रशिक्षित करने का दायित्व मास्टर ट्रेनरों का है। प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो परवेज ने प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने मतदान के दिन उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने मॉक पोल की आवश्यकता और प्रक्रिया की जानकारी देते हुए वास्तविक मतदान आरंभ होने से पूर्व की जानेवाली प्रक्रिया से अवगत कराया।

### रोचक ढंग से दी गई ट्रेनिंग

एनएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा कुमुद कुमार झा ने रोचक एवं सरल तरीके से मास्टर ट्रेनरों को डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया और वोटिंग समाप्ति के बाद कलेक्शन सेंटर तक पोलिंग पार्टी द्वारा कार्य निष्पादन के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दायरा में रहकर सभी को अपने कार्यों का निष्पादन करना होगा। उन्होंने निर्वाचन कार्य के दौरान मतदानकर्मियो के समक्ष संभावित विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही समाधान के तरीके बताये गये।

